दिनांक : 13/04/2026 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत तमिलनाडु के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अमरकंटक में जल स्रोतों के संरक्षण और प्रकृति को बचाने का आह्वान किया।
- रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव का हुआ समापन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर जोर दिया।
- प्रदेश में राशन वितरण को हाईटेक बनाने के लिए अब 'फेस रिकग्निशन' तकनीक लागू होगी।

प्रधानमंत्री - तमिलनाडु

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नमो ऐप के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद अभियान के तहत तमिलनाडु के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है।। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में नया माहौल उभर रहा है और लोग राज्य में बदलाव की उम्मीद के साथ भाजपा तथा एनडीए की ओर देख रहे हैं।

उन्नत कृषि महोत्सव

रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव 2026 के समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शामिल हुए, जहां किसानों के लिए आधुनिक खेती और तकनीक पर चर्चा की गई। इस तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन दशहरा मैदान, रायसेन में किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को नई तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई और जैविक खेती की जानकारी देना रहा।केंद्रीय मंत्री नितिन

गडकरी ने कहा कि खेती को समृद्ध बनाने के लिए कृषि तंत्र ज्ञान और आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है और वे यहां एक मंत्री नहीं बल्कि किसान के रूप में आए हैं।

वहीं शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र के लिए 'बीज से बाजार तक' कृषि रोडमैप तैयार किया गया है, जिसके तहत बीज ग्राम, कस्टम हायरिंग सेंटर, मशीन बैंक, कोल्ड स्टोरेज और एफपीओ को मजबूत किया जाएगा।इस महोत्सव में देशभर के किसान, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ शामिल हुए, जिससे किसानों को आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के नए तरीके मिले।

मुख्यमंत्री- अनूपपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अनूपपुर जिले के अमरकंटक में स्वर्गीय भगवत शरण माथुर की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी जल स्रोतों के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है और मां नर्मदा के संरक्षण का संकल्प सामूहिक रूप से पूरा किया जा रहा है।

श्री यादव ने पर्यावरण संरक्षण को हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताते हुए सभी से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें नमन करते हुए उनके समानता और अधिकार के संदेश को याद किया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में इस अधिनियम को प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत सम्मेलन, पदयात्राएं और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष बताते हुए कहा कि जबलपुर में आयोजित कृषि मंथन कार्यशाला

किसानों के लिए उपयोगी रही, जिसमें आधुनिक तकनीक और कृषि नवाचारों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने किसानों को खाद पर सब्सिडी के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया और कहा कि नक्सल उन्मूलन के बाद अब बालाघाट में तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे।

## राशन वितरण व्यवस्था

प्रदेश में राशन वितरण व्यवस्था को और आधुनिक बनाने के लिए फेस रिकग्निशन तकनीक लागू की जाएगी। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह व्यवस्था दिसंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दी जाएगी।उन्होंने जानकारी दी कि मार्च 2026 में 1 करोड़ 24 लाख से अधिक परिवारों को करीब 2 लाख 72 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित किया जा चुका है, जबकि शेष परिवारों को 15 अप्रैल तक राशन उपलब्ध कराया जाएगा।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वर्तमान में बायोमेट्रिक सत्यापन से राशन दिया जा रहा है, वहीं बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के लिए OTP और नामिनी व्यवस्था भी लागू है। सरकार ने वन नेशन वन राशन कार्ड और पोर्टेबिलिटी के माध्यम से लाभार्थियों को देश और प्रदेश में कहीं से भी राशन लेने की सुविधा प्रदान की है।

## पेट्रोलियम- उपलब्धता

प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रदेशभर में 2904 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 4369 गैस सिलेंडर जब्त किए गए और कई मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। सरकार ने बताया कि राज्य की रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी व सीएनजी की सप्लाई सुचारु है।साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक ऊर्जा जैसे बायोगैस, सोलर और अन्य साधनों का भी उपयोग करें, ताकि ऊर्जा संसाधनों का संतुलित उपयोग हो सके।

## मौसम

प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर खत्म होते ही गर्मी ने तेजी से असर दिखाना शुरू कर दिया है। कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि रतलाम में सबसे अधिक 41 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गर्मी का प्रकोप

आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। 16 अप्रैल से लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है, खासतौर पर मालवा-निमाड़ क्षेत्र, यानी इंदौर और उज्जैन संभाग सबसे अधिक प्रभावित रहेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में -----

- अशोकनगर में छात्रों व अभिभावकों की सुविधा के लिए शहर में पुस्तक मेला आगामी 15 से 17 अप्रैल तक चलेगां
- जल गंगा संवर्धन मिशन 2026 के तहत आज आगरमालवा के शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग को अपनाने पर जोर दिया गयां
- शहडोल जिले के उत्तर वन मंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण में नवाचार करते हुए  अब प्रशिक्षित युवतियां संग्राहकों को गड्डी बांधने चयन करने का तरीके सिखाएंगीं
- डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज खण्डवा में जिला स्तरीय आयोजन के तहत किशोर कुमार सभागृह में स्वच्छताकर्मियों और वरिष्ठजनों का सम्मान किया गयां
- शिवपुरी के जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आज दिव्यांगजनों के अभिभावकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गयां
- सागर जिले के बंडा क्षेत्र में लोकायुक्त पुलिस ने वन विभाग के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं
- इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 90 उपार्जन केंद्रों पर जारी हैं
- बैतूल में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार मेले का आयोजन 16 अप्रैल को किया जाएगां
- राजगढ़ में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कल नवीन जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर चार अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का जायजा लियां

---------------------------